संख्या: 133 /2023/789/चार-2023-27(विविध)/2018

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 21 मार्च, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी की जन्मस्थली गढ़ाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु जी0एस0टी0 की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-4829/सं0नि0-6(161)/2022-23, दिनांक 12 मार्च, 2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी की जन्मस्थली गढ़ाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 25.06.2021 से दिनांक 06.07.2022 के मध्य कराये गये निर्माण कार्य पर देय जी0एस0टी0 की धनराशि रू0 79,89,453.00 (रू0 उनयासी लाख नवासी हजार चार सौ तिरपन मात्र) की प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति निम्नांकित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(1) शासनादेश संख्या-18/2022/2396/चार-2021-27(विविध)/2018 दिनांक 25 जनवरी, 2022, शासनादेश संख्या-57/2021/1653/चार-2021-27(विविध)/2018 दिनांक 16 मार्च, 2021, शासनादेश संख्या-133/2019/2335/चार-2019-27(विविध)/2018 दिनांक 18 अक्टूबर, 2019, शासनादेश संख्या-130/2021/1335/चार-2021-27(विविध)/2018 दिनांक 06 अगस्त, 2021 में उल्लिखित शर्तें यथावत रहेगी।

(2) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 07 जून, 2022 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) कार्यदायी संस्था से कार्य पूर्ण होने के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायें।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत स्वीकृति संस्कृति निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि इसके संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/ संस्कृति निदेशालय का होगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक -4202-शिक्षा, खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय-42-पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति, भवन पुस्तकालय एवं अन्य संरचना-24 वृहत निर्माण कार्य मद से वहन किया जाएगा।

4- वित्तीय स्वीकृति का यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक 07 जून, 2022 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

संख्या- 133 /2023/ 789/चार-2023-27(विविध)/2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, ग्लोबल कंस्ट्रक्शन एंड कंसलटेंसी सेल, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् नीलगिरि काम्प्लेक्स, इंदिरा नगर, लखनऊ।
5- परियोजना प्रबंधक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् निर्माण इकाई-2, कानपुर।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त(ई-7)अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in